# राष्ट्रीय पांडुलिपि मिशन (NMM) का पुनः प्रवर्तन

स्रोत: द हिंदू

हाल ही में केंद्रीय **संस्कृति मंत्रालय** द्वारा राष्ट्रीय पांडुलिपि मिशन (NMM) में सुधार कर इसे पुनः प्रवर्तित करने की सूचना दी गई।

## नवीन मिशन की मुख्य विशेषताएँ क्या हैं?

- **राष्ट्रीय पांडुलिपि प्राधिकरण:** केंद्रीय संस्कृति मंत्रालय द्वारा संस्कृति मंत्रालय के अंतर्गत **राष्ट्रीय पांडुलिपि प्राधिकरण नामक** एक स्वायत्त निकाय की स्थापना करने की योजना की जा रही है।
  - **वर्तमान** में NMM इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र का एक भाग है।
- **NMM की उपलब्धियाँ:** इस मिशन के अंतर्गत वर्ष 2003 से 2024 तक **52 लाख पांडुलिपियों का मेटाडेटा** तैयार किया गया, **3 लाख से अधिक पुस्तकों का डिजिटलीकरण** किया गया जिनमें से एक तिहाई को सफलतापूर्वक **अपलोड** कर दिया गया।
- **संबंधित चिंताएँ: कुल अपलोड की गई 1.3 लाख पांडुलिपियों में से** केवल 70,000 ही सार्वजनिक रूप से उपलब्ध हैं।
  - पांडुलिपियों का एक महत्त्वपूर्ण हिस्सा **निजी स्वामित्व** में है तथा इनके स्वामियों द्वारा इसे सार्वजनिक रूप से सुलभ बनाने हेतु प्रदान किया जाने वाला प्रोत्साहन बहुत सीमित है।
- **भविष्य का रोडमैप:**
  - विदेशों में प्राचीन **भारतीय अध्ययन** से संबंधित विभागों में **पीठों** की स्थापना करना।
  - **विदेशों में पांडुलिपियों के विक्रय और निजी स्वामित्व** से संबंधित मुद्दों के समाधान के लिये बौद्धिक संपदा अधिकार (IPR) और **विधिशास्त्रियों** को शामिल करने के सुझाव।
  - **ब्राह्मी से इतर** और अल्प ज्ञात लिपियों के संरक्षण की कार्यनीति।

## पांडुलिपि

- **परिभाषा:** पांडुलिपि **कागज़, छाल, धातु, ताड़ के पत्ते** अथवा किसी अन्य सामग्री पर कम से कम 75 वर्ष पहले हस्त लिखित संयोजन को कहते हैं जिसका वैज्ञानिक, ऐतिहासिक अथवा सौंदर्यपरक महत्त्व हो|
- **अपवर्जन: लिथोग्राफ** और मुद्रित खंड पांडुलिपि नहीं होती हैं।
- **लिपि परिवर्तनशीलता:** प्रायः एक भाषा विभिन्न लिपियों में लिखी होती है। उदाहरण के लिये संस्कृत उड़िया लिपि, ग्रंथ लिपि, देवनागरी लिपि और कई अन्य लिपियों में लिखी जाती है।
- **ऐतिहासिक अभिलेखों से भिन्नता:** पांडुलिपियाँ ऐतिहासिक रिकॉर्डों जैसे **शिलालेखों, फरमानों, राजस्व अभिलेखों** से भिन्न होती है जो इतिहास में घटनाओं अथवा प्रक्रियाओं के संबंध में सीधी सूचना प्रदान करते हैं| पांडुलिपियों में ज्ञान निहित होता है|
  - **पांडुलिपियों में दर्शन, विज्ञान, साहित्य एवं कला** का ज्ञान निहित है।
- **ऐतिहासिक पृष्ठभूमि:** 18वीं शताब्दी में अवध के नवाब ने पादशाहनामा की शानदार प्रस्तुति वाली पांडुलिपि को **इंग्लैंड के किंग जॉर्ज III** को भेंट में दे दिया|
  - 7वीं शताब्दी के चीनी यात्री **ह्वेन त्सांग** भारत से कई पांडुलिपियाँ अपने साथ ले गया।
- **ब्रिटिश रुचि: विलियम जोन्स, सी.पी. ब्राउन, जॉन लेडेन, कॉलिन मैकेंज़ी, चार्ल्स विल्किंस, एच.एच. विल्सन** और **एच.टी. कोलब्रुक ने** भारतीय पांडुलिपियों के अध्ययन और संरक्षण में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई।
- **कैटलॉग बनाने के प्रारंभिक प्रयास:** भारतीय पांडुलिपियों का कैटलॉग बनाने का प्रयास वर्ष **1803** में ही **एशियाटिक सोसाइटी ऑफ बंगाल** के चौथे अध्यक्ष एच.टी. कोलब्रुक के प्रयासों से शुरू हुआ।

## NMM से संबंधित मुख्य तथ्य क्या हैं?

- **परिचय:** यह भारत के पांडुलिपियों के विशाल संग्रह को संरक्षित और प्रलेखित करने के लिये **संस्कृति मंत्रालय** की एक पहल है।
  - इसे भारत की विशाल पांडुलिपीय संपदा को **अनावृत करने, प्रलेखन करने, संरक्षित करने** और उसे **उपलब्ध कराने** के लिये

वर्ष **2003** में लॉन्च कयिा गया था।

- **कार्यान्वयन मंत्रालय**: **संस्कृति विभाग** इस मशिन का कार्यान्वयन करता है, जबकि **इंदरिा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र (IGNCA)** मशिन का केंद्रक अभकिरण है।
- **उद्देश्य**: यह **पांडुलपियों के संरक्षण** और उनमें नहिति ज्ञान के प्रसार के लयि समर्पति है तथा अपने आदर्श वाक्य "**भवषि्य के लयि अतीत का संरक्षण**" की दशि में कार्य कर रहा है।
- **कार्यक्षेत्र और संग्रह**: भारत में अनुमानतः **पाँच मलियिन पाण्डुलपियिाँ हैं** जो संभवतः **वशि्व का सबसे बड़ा** संकलन है।
  - **70%** पांडुलपियिाँ **संस्कृत में हैं।**

## UPSC सविलि सेवा परीक्षा, वगित वर्ष के प्रश्न

***??????????:***

**प्रश्न. भारतीय इतहिास के संदर्भ में अलेक्जेंडर री, ए.एच. लॉन्गहर्स्ट, रॉबर्ट सेवेल, जेम्स बर्गेस और वाल्टर इलयिट कसि गतवधि सि जुड़े थे? (2023)**

(a) पुरातात्त्वकि उत्खनन
(b) औपनवेशकि भारत में अंग्रेज़ी प्रेस की स्थापना
(c) देशी रजवाड़ों में गरिजाघरों की स्थापना
(d) औपनवेशकि भारत में रेल का नर्माण

**उत्तर: (a)**

---

**प्रश्न. इनमें से कसि मुगल सम्राट ने सचति्र पांडुलपियों से ध्यान हटाकर चति्राधार (एल्बम) और वैयक्तकि रूपचति्रों पर अधकि ज़ोर दयिा? (2019)**

(a) हुमायूँ
(b) अकबर
(c) जहाँगीर
(d) शाहजहाँ

**उत्तर: (c)**

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/revival-of-national-mission-for-manuscripts